भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD -380015

**विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT NO.: सैकSAC:02:2026, दिनांक Dated 10.09.2026**

**(ऑनलाइन पंजीयन तथा आवदेन प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन भर्ती पोर्टल 10.09.2026 के 1000 बजे से 30.09.2026 के 1700 बजे तक खुला रहेगा)**

**(Online recruitment portal will be open from 1000 hours of 10.09.2026 to 1700 hours of 30.09.2026 for online registration and submission of application)**

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अग्रणी केंद्रों में से एक है। सैक, इसरो के स्थलीय एवं ग्रहीय मिशनों के लिए अंतरिक्षीय यंत्रों को डिजाइन करता है और सामाजिक हित के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रचालन करता है। इन अनुप्रयोगों में संचार, प्रसारण, नौवहन, आपदा निगरानी, मौसमविज्ञान, समुद्रविज्ञान, पर्यावरण निगरानी तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन शामिल हैं। सैक, संचार उपग्रहों के लिए प्रेषानुकर तथा भू-प्रेक्षण उपग्रहों हेतु प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग संवेदकों को डिजाइन तथा विकसित करता है। साथ ही सैक भू-ट्रांसमिट व अभिग्रहण प्रणालियों तथा डेटा/ प्रतिबिंब प्रसंस्करण प्रणालियों का विकास भी करता है। सैक में वैद्युतिकीय एवं यांत्रिकीय संविरचन, पर्यावरणीय परीक्षणों तथा प्रतिबिंब प्रसंस्करण व विश्लेषण हेतु उच्च आधुनिक नीतभार डिजाइन एवं समाकलन प्रयोगशालाएं स्थित हैं।

Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space (DOS). SAC focuses on design of space borne instruments for terrestrial and planetary missions of ISRO and development and operationalisation of space technology for societal benefits. The applications cover communication, broadcasting, navigation, disaster monitoring, meteorology, oceanography, environment monitoring and management of natural resources. All the transponders of communication satellites and the optical and microwave sensors for earth observation satellites are designed and developed at SAC. Further, SAC develops ground transmit and receive systems and data / image processing systems. SAC has highly sophisticated payload design & integration laboratories, facilities for electronic & mechanical fabrication, environmental tests and image processing & analysis.

**सैक, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ), अनुसंधान सहयोगी (आरए) तथा परियोजना वैज्ञानिक-I (पीएस-I) के अस्थायी पदों के लिए निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:**
**SAC invites on-line applications for the temporary positions of Junior Research Fellows (JRFs), Research Associates (RAs) and Project Scientist-I (PS-I) as per following details:**

| **पद कोड POST CODE - 01** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता Junior Research Fellow** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 03 (Three) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | अर्धचालक प्रौद्योगिकी/क्वांटम/सूक्ष्म या नैनो इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/आरएफ और माइक्रोवेव या संबंधित विषयों में एम.ई./एम.टेक.<br>M. E. / M. Tech. in Semiconductor Technology/ Quantum/ Micro or Nano Electronic devices/ RF & Microwave or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | • कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता को मिलीमीटर तरंग पर सुपरकंडक्टिंग रिसीवर फ्रंट-एंड पर काम करना होगा और इसके आगे गणितीय उपकरण मॉडलिंग, गैर-रैखिक सर्किट अनुरूपण, 3डी विद्युतचुम्बकीय अनुरूपण और मिलीमीटर तरंग और उप-एमएम तरंग सर्किट का क्रायोजेनिक परीक्षण शामिल है। अभ्यर्थी को उच्च आवृत्ति आरएफ सर्किट डिजाइन, अनुरूपण और माप पर काम करने में सहज होना चाहिए। |

| | |
|---|---|
| | JRF will have to work on superconducting receiver front-ends at millimeter wave and beyond which involves mathematical device modeling, non-linear circuit simulations, 3D electromagnetic simulations and cryogenic testing of millimeter wave and sub-mm wave circuits. The candidate should be comfortable with working on high frequency RF circuit design, simulations and measurements.<br>• कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं को सर्किट डिजाइन और चिप (एसओसी) डिजाइन, आरएफ सर्किट डिजाइन और परीक्षण पर आरएफ मिश्रित संकेत प्रणाली के सत्यापन पर काम करना होगा। उन्हें जीडीएसआईआई, ईएम अनुरूपण, उच्च आवृत्ति (एस-बैंड, केए बैंड) पर अर्धचालक उपकरणों के मॉडलिंग के लिए फ्रंट-एंड डिजाइन को संभालने में सहज होना चाहिए।<br>JRFs will have to work on circuit design and verification of RF-Mixed signal System on Chip (SoC) design, RF Circuit design and testing. They should be comfortable with handling Front-End design to GDSII, EM simulation, modelling of semiconductor devices at high frequency (S-Band, Ka Band). |

| **पद कोड POST CODE - 02** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता Junior Research Fellow** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 07 (Seven) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | इलेक्ट्रॉनिकी और संचार/माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिकी/नैनो-इलेक्ट्रॉनिकी/डिजिटल इलेक्ट्रॉनिकी/ वीएलएसआई/डिजिटल सिस्टम अभियांत्रिकी/एम्बेडेड सिस्टम/सिग्नल प्रोसेसिंग/अर्धचालक या संबंधित विषयों में एम.ई./एम.टेक.<br>M. E. / M. Tech. in Electronics & Communication/ Micro-Electronics/ Nano-Electronics/ Digital Electronics/ VLSI/ Digital System Engineering/ Embedded System/ Signal Processing/ Semiconductor or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | • कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं को मिश्रित-संकेत/डिजिटल एसिक डिजाइन और अनुप्रयोगों के लिए फ्रंट-एंड सर्किट डिजाइन से जीडीएसआईआई पर काम करना होगा। मिश्रित संकेत डिजाइनर के लिए उन्हें एनालॉग और मिश्रित संकेत डिजाइन जैसे हाई-स्पीड ओपीएम्प/ओटीए, एडीसी, डीएसी, पीएलएल, फिल्टर, मेमोरी, हाई वोल्टेज ड्राइवर आदि को संभालने में सहज होना चाहिए। डिजिटल डिजाइनर के लिए उन्हें वीएचडीएल/वेरिलॉग आरटीएल डिजाइन, डीएफटी कार्यान्वयन, सत्यापन, बैकएंड डिजाइन और आरटीएल से जीडीएसआईआई फ्लो का गहन ज्ञान होना चाहिए।<br>JRFs will have to work on front-end circuit design to GDSII for Mixed-Signal / Digital ASIC Designs and applications. For Mixed Signal Designer they should be comfortable with handling Analog and Mixed signal design like high-speed OpAmp/OTA, ADC, DAC, PLL, Filters, Memory, High Voltage Drivers etc. For Digital designer they must have deep knowledge of VHDL/Verilog RTL design, DFT implementation, verification, Backend design and RTL to GDSII flow.<br>• उपकरणों और प्रक्रिया अनुकरण के लिए टीसीएडी सॉफ्टवेयर। उन्नत माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां, योजनाबद्ध के लिए ईसीएडी सॉफ्टवेयर, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स का लेआउट और अनुकरण। एनालॉग, डिजिटल और मिश्रित सिग्नल सर्किट का डिजाइन, विकास और परीक्षण। एफपीजीए/वीएचडीएल फर्मवेयर विकास, सॉफ्टवेयर विकास और परीक्षण।<br>TCAD software for devices and process simulation. Advanced microelectronics packaging technologies, ECAD software for schematic, layout and simulation of Microelectronics. Design, development and testing of analog, digital and mixed signal circuits. FPGA / VHDL firmware development, software development and testing.<br>• समय-श्रृंखला पोलसार एवं इनसार निसार डेटा के लिए एल्गोरिथ्म विकास और कोडिंग। अध्ययन क्षेत्र में ग्राउंड ट्रूथ अभियानों में भागीदारी और एल्गोरिथ्म को वैध करने के लिए व्यापक क्षेत्र डेटा एकत्र करना। |

| | |
|---|---|
| | Algorithm development and coding for time-series PolSAR & InSAR NISAR data. Participation in ground truth campaigns over the study area and collect extensive field data to validate the algorithm. |

| **पद कोड POST CODE - 03** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता Junior Research Fellow** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 05 (Five) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | अभियांत्रिकी भौतिकी या संबंधित विषयों में बी.ई./बी. टेक.<br>या<br>भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी/फोटोनिक्स/ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिकी/प्रकाशिकी/सामग्री विज्ञान/ नैनोटेक्नोलॉजी/ ठोस अवस्था भौतिकी या संबंधित विषयों में एम.ई./एम. टेक./एम.एससी.<br>B. E. / B. Tech. in Engineering Physics or related disciplines<br>OR<br>M. E. / M. Tech. / M. Sc. in Physics / Applied Physics/ Photonics/ Optoelectronics / Optics/ Material Science/ Nanotechnology/ Solid State Physics or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | • अभ्यर्थी को प्रयोगात्मक सेटअप स्थापित करने, एकीकृत फोटोनिक्स/अर्धचालक क्वांटम उपकरणों के अभिलक्षण, डेटा विश्लेषण और उपकरणों के प्रदर्शन के अनुकूलन के लिए निर्माण प्रक्रियाओं पर काम करने में सहायता करनी चाहिए।<br>Candidate shall be assisting in establishing experimental setups, performing characterisation of integrated photonics /semiconductor quantum devices, data analysis and working on fabrication processes for optimisation of devices' performance.<br>• कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं को प्रायोगिक सेटअप स्थापित करने, इन्फ्रारेड डिटेक्टरों, फोटोनिक्स/अर्धचालक क्वांटम उपकरणों, डेटा विश्लेषण, उपकरणों के लिए टीसीएडी सॉफ्टवेयर अनुरूपण और प्रक्रिया अनुरूपण, उच्च गति डिवाइस प्रदर्शन के लिए उन्नत माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों के अभिलक्षण में सहायता करनी होगी। अभ्यर्थी को फोटोनिक्स अर्धचालक के डिजाइन और मॉडलिंग को संभालने में सहज होना चाहिए।<br>JRFs will be assisting in establishing experimental setups, performing characterisation of Infrared detectors, photonics /semiconductor quantum devices, data analysis, TCAD software simulation for devices and process simulation, Advanced microelectronics packaging technologies for high-speed device performance. Candidate should be comfortable with handling design and modelling of Photonics semiconductor. |

| **पद कोड POST CODE - 04** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता Junior Research Fellow** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 10 (Ten) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | वायुमंडलीय विज्ञान/मौसम विज्ञान/भौतिक समुद्र विज्ञान/समुद्र विज्ञान/भौतिक विज्ञान/भैतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी /गणित या संबंधित विषयों में एम.ई./एम.टेक./एम.एससी.<br>M. E. / M. Tech. / M. Sc. in Atmospheric Sciences / Meteorology / Physical Oceanography / Oceanography / Physical Sciences / Physics / Applied Physics/ Mathematics or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | • मौसम संबंधी उपग्रह प्रेक्षणों से भूभौतिकीय पैरामीटर पुनर्प्राप्ति; अंशांकन और सत्यापन; संख्यात्मक मौसम भविष्यवाणी और उपग्रह डेटा आत्मसात; गंभीर मौसम वर्तानुमान और भविष्यवाणी के लिए उपग्रह आधारित तकनीक; भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून प्रक्रियाओं पर अध्ययन; और एरोसोल-बादल-वर्षा की परस्पर क्रिया। इसरो और अंतर्राष्ट्रीय उपग्रह मिशनों से डेटा का उपयोग करके पुनर्प्राप्ति, अंशांकन/सत्यापन और उपग्रह डेटा आत्मसात |

| | |
|---|---|
| | एल्गोरिदम का डिजाइन, विकास, परीक्षण और कार्यान्वयन।<br>Geophysical parameter retrieval from meteorological satellite observations; calibration and validation; numerical weather prediction and satellite data assimilation; satellite-based techniques for severe weather nowcasting and prediction; studies on Indian summer monsoon processes; and aerosol–cloud–precipitation interactions. Design, development, testing and implementation of retrieval, calibration/validation and satellite data assimilation algorithms utilizing data from ISRO and international satellite missions.<br>• दूरस्थ संवेदन डेटा विश्लेषण, आर्द्रभूमि स्वास्थ्य अध्ययन के लिए प्रकाशीय एवं तापीय क्षेत्र में आरटी अनुरूपण, जल आइसोटोप नमूना संग्रह और प्रयोगशाला विश्लेषण, जल विज्ञान पैरामीटर पुनर्प्राप्ति के लिए हाइड्रोआरएस परियोजना को तकनीकी सहायता।<br>Technical support to HydroRS project for remote sensing data analysis, RT simulations in optical and thermal region for wetland health studies, water isotope sample collection and laboratory analysis, hydrological parameter retrievals. |

| **पद कोड POST CODE - 05** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता Junior Research Fellow** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 02 (Two) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | भू-भौतिकी/ भू-विज्ञान/पृथ्वी विज्ञान/भू-तकनीकी अभियांत्रिकी या संबंधित विषयों में एम.ई./एम. टेक./ एम.एससी.<br>M. E. / M. Tech. / M. Sc. in Geo-physics/ Geo-Sciences/ Earth Sciences/ Geotechnical Engineering or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | • महासागरीय भू-भौतिक/जैव-भौतिक/जैव-भूरासायनिक मापदंडों को पुनः प्राप्त करने के लिए कार्यप्रणाली का विकास और सुदूर संवेदन एवं यथा-स्थित डेटा का उपयोग करके अंशांकन/सत्यापन, तकनीकों का विकास और समुद्री और प्रकाशीय रूप से जटिल जल के भौतिक-रासायनिक गुणों का विश्लेषण और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र और इसके परिवर्तन अध्ययन पर विश्लेषण।<br>Development of methodology for retrieving ocean geo-physical/ biophysical/ biogeochemical parameters and Calibration/Validation using remote sensing and in-situ data, development of techniques and analysis of physio-chemical properties of marine and optically complex waters and analysis on coastal eco-system and its change studies. |

| **पद कोड POST CODE – 06** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता Junior Research Fellow** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 04 (Four) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अभियांत्रिकी या संबंधित विषयों में एम.ई./एम. टेक./एम.एससी.<br>M. E. / M. Tech. / M. Sc. in Computer Science/ Computer Engineering or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | • एजेंटिक एआई एवं एलएलएम एकीकरण, त्वरित अभियांत्रिकी, एआई डिबगिंग, मौसम विज्ञान और समुद्र विज्ञान के लिए एआई आधारित समाधानों का विकास। जलवायु गुणवत्ता डेटा प्रसंस्करण।<br>Agentic AI & LLM Integration, Prompt Engineering, AI Debugging, Development of AI based solutions for Meteorology and Oceanography. Climate Quality Data Processing.<br>• मौसम विज्ञान और समुद्र विज्ञान से संबंधित अध्ययनों के लिए ऑन-बोर्ड निसार एल-और एस-बैंड सार डेटा का प्रसंस्करण और विश्लेषण।<br>Processing and analysis of L- and S-band SAR data on-board NISAR for |

| | |
|---|---|
| | studies related to meteorology and oceanography.<br>• जल विज्ञान, सुदूर संवेदन समय श्रेणी डेटा विश्लेषण में एआई/एमएल आधारित उन्नत तरीकों/उपकरणों/तकनीकों का विकास, हाइड्रोलॉजिकल मॉडलिंग और डेटा आत्मसात के लिए सॉफ्टवेयर/इंटरफेस का विकास।<br>Development of AI/ML based advanced methods/tools/techniques in hydrology, remote sensing time series data analysis, development of software/interfaces for hydrological modelling and data assimilation. |

| **पद कोड POST CODE - 07** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता Junior Research Fellow** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 02 (Two) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | जियो-इनफॉर्मेटिक्स/सुदूर संवेदन और जीआईएस या संबंधित विषयों में एम.ई./एम. टेक./एम.एससी.<br>M. E. / M. Tech. / M. Sc. in Geo-informatics/ Remote Sensing and GIS or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | हाइड्रोलॉजी और जल संसाधनों के क्षेत्रों में जल परियोजना, दीर्घकालिक भू-स्थानिक डेटाबेस तैयारी, विश्लेषण और उपयोगकर्ता अनुप्रयोगों के लिए जीआईएस और छवि प्रसंस्करण समर्थन।<br>GIS and image processing support to HydroRS project, long-term geospatial database preparation, analysis and user applications in areas of hydrology and water resources.<br>संवेदकों द्वारा अधिग्रहित सतह के भौतिक गुणों के प्रति निसार एल एंड एस-बैंड डेटा का उपयोग करके हाइब्रिड और पूर्ण-ध्रुवीयता व्युत्पन्न मापदंडों का संवेदनशीलता अध्ययन, जैसे, उच्च विभेदन यूएवी आधारित लिडार और भू प्रेक्षण।<br>Sensitivity studies of hybrid & full-polarimetry derived parameters using NISAR L&S-band data towards physical properties of surface acquired by sensors, like, high resolution UAV based LiDAR and ground observations. |

| **पद कोड POST CODE - 08** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **अनुसंधान सहयोगी Research Associate** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 06 (Six) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | महासागरीय विज्ञान/समुद्री विज्ञान/पर्यावरण मॉडलिंग/वायुमंडलीय विज्ञान/मौसम विज्ञान/पृथ्वी प्रणाली विज्ञान/भौतिकी या संबंधित विषयों में पीएच.डी.।<br>**या**<br>समुद्र विज्ञान/भौतिक समुद्र विज्ञान/वायुमंडलीय विज्ञान/मौसम विज्ञान/समुद्री विज्ञान/पर्यावरण मॉडलिंग या संबंधित विषयों में एम.ई./एम.टेक. के बाद 3 साल का अनुसंधान, शिक्षण, डिजाइन और विकास का अनुभव और विज्ञान उद्धरण सूचीबद्ध (एससीआई) जर्नल में न्यूनतम एक शोध पत्र प्रकाशित।<br>Ph. D in Oceanic Sciences/ Marine Sciences/ Environment Modeling/ Atmospheric Sciences / Meteorology/ Earth System Sciences/ Physics or related disciplines<br>**OR**<br>3 years' research, teaching, design and development experience after M. E. / M. Tech. in Oceanography / Physical Oceanography / Atmospheric Sciences / Meteorology/ Marine Sciences/ Environment Modeling or related disciplines and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) journal. |

| | |
|---|---|
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | • मौसम विज्ञान उपग्रह प्रेक्षणों से भूभौतिकीय पैरामीटर पुनर्प्राप्ति (बादल सूक्ष्मभौतिकीय गुण, वर्षा, हवा, तापमान, नमी, आदि); अंशांकन और सत्यापन; संख्यात्मक मौसम भविष्यवाणी और उपग्रह डेटा आत्मसात; गंभीर मौसम के लिए उपग्रह आधारित तकनीकों का विकास; भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून प्रक्रियाओं पर अध्ययन; और एयरोसोल-बादल-वर्षा परिचर्चा।<br>Geophysical parameter retrieval (cloud microphysical properties, rainfall, winds, temperature, moisture, etc.) from meteorological satellite observations; calibration and validation; numerical weather prediction and satellite data assimilation; developing satellite based techniques for severe weather nowcasting and prediction; studies on Indian summer monsoon processes; and aerosol–cloud–precipitation interactions<br>• संख्यात्मक महासागर प्रतिरूपण, उपग्रह आधारित महासागर और तटीय प्रक्रिया अध्ययनों का संचालन करना. महासागर प्रेक्षणों के लिए उपग्रह संवेदक के डिजाइन और अनुकूलन का समर्थन करने के लिए प्रेक्षण प्रणाली अनुकरण प्रयोगों (ओएसएस) का प्रदर्शन करना।<br>Numerical ocean modeling, conducting satellite based ocean and coastal process studies. Performing Observing System Simulation Experiments (OSSEs) to support the design and optimization of satellite sensors for ocean observations.<br>• भूमिका में पारिस्थितिकी तंत्र या जैव-भूरासायनिक प्रतिरूपण और कार्बन चक्रों में डेटा आत्मसात करना शामिल है। परियोजना प्रेक्षण डेटा, उपग्रह सुदूर संवेदन और उन्नत कम्प्यूटेशनल प्रतिरूपण को एकीकृत करती है।<br>The role involves developing data assimilation in ecosystem or biogeochemical modeling and carbon cycles. The project integrates observational data, satellite remote sensing and advanced computational modeling. |

| **पद कोड POST CODE - 09** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **अनुसंधान सहयोगी Research Associate** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 01 (One) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | गणित/भौतिकी या संबंधित विषयों में पीएच.डी.<br>Ph. D in Mathematics / Physics or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | रेडिएटिव ट्रांसफर मॉडलिंग, एल्गोरिदमिक विकास और ट्रेस गैस/हरित ग्रह गैस निगरानी और अनुप्रयोगों के लिए उपग्रह डेटा का उपयोग करके विश्लेषण करना।<br>Radiative transfer modelling, algorithmic development and analysis using satellite data for trace gas / Green House Gas monitoring and applications. |

| **पद कोड POST CODE - 10** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **अनुसंधान सहयोगी Research Associate** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 01 (One) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | पृथ्वी विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान या संबंधित विषयों में पीएच.डी. तथा<br>वानिकी/पारिस्थितिकी/आर्द्रभूमि में सुदूर संवेदन आधारित अनुप्रयोगों में विशेषज्ञता ।<br>Ph. D in Earth Sciences / Environmental Sciences or related disciplines with specialization in Remote Sensing based applications in forestry/ecology/wetlands |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | वनस्पति मेट्रिक्स के उत्पादन के लिए सुदूर संवेदन डेटा का उपयोग करके कार्यप्रणाली का विकास, वनों/आर्द्रभूमि से कार्बन के स्रोतों और सिंक का मॉडलिंग, वन विक्षोभ और पुनः विकास की निगरानी और जीआईएस डेटाबेस का विकास। निसार-अप में सुदूर संवेदन से प्राप्त आउटपुट के सत्यापन के लिए फील्ड डेटा संग्रह।<br>Development of methodology using Remote Sensing data for generation of vegetation metrics, modelling of sources and sinks of carbon from forests / |

| | |
|---|---|
| | wetlands, forest disturbance and regrowth monitoring and development of GIS database. Field data collection for validation of remote sensing derived outputs in NISAR-UP |

| **पद कोड POST CODE - 11** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना वैज्ञानिक-I Project Scientist-I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 01 (One) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | भूभौतिकी/अनुप्रयुक्त भूभौतिकी या संबंधित विषयों में पीएच.डी. तथा में क्रायोस्फेयर अध्ययन में विशेषज्ञता।<br>Ph. D in Geophysics / Applied Geophysics or related disciplines with specialisation in Cryosphere Studies |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | हिम वेग उत्पाद की पुनर्प्राप्ति और उत्पादन के लिए निसार डेटा का उपयोग और हिमालय और अंटार्कटिक क्षेत्र पर समय श्रृंखला सार डेटा और इनसार विधि का उपयोग करके ग्राउंडिंग लाइन/ज़ोन विश्लेषण। काम के लिए समय-श्रृंखला सार डेटा के प्रसंस्करण और इसके सत्यापन और विश्लेषण की आवश्यकता होती है।<br>NISAR data utilization for retrieval and generation of ice velocity product and grounding line/zone analysis using time series SAR data and InSAR method over Himalayan and Antarctic region. The work requires the processing of the time-series SAR data, and its validation & analysis. |

| **पद कोड POST CODE - 12** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना वैज्ञानिक-I Project Scientist-I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 01 (One) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | पारिस्थितिकी/पर्यावरण विज्ञान/वानिकी या संबंधित विषयों में पीएच.डी.<br>Ph. D in Ecology / Environmental Sciences / Forestry or related disciplines.<br>या OR<br>भू-सूचना विज्ञान या संबंधित विषयों में एम.ई./एम.टेक.।<br>M. E. / M. Tech. in Geo-informatics or related disciplines. |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | वनस्पति मेट्रिक्स के उत्पादन के लिए सुदूर संवेदन डेटा का उपयोग करके कार्यप्रणाली का विकास, अंतर्देशीय और तटीय आर्द्रभूमि से टील/ब्लू कार्बन का मानचित्रण, और जीआईएस डेटाबेस का विकास। निसार-अप में सुदूर संवेदन से प्राप्त आउटपुट के सत्यापन के लिए फील्ड डेटा संग्रह<br>Development of methodology using Remote Sensing data for generation of vegetation metrics, mapping of teal/blue carbon from inland and coastal wetlands, and development of GIS database. Field data collection for validation of remote sensing derived outputs in NISAR-UP |

| **पद कोड POST CODE - 13** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना वैज्ञानिक-I Project Scientist-I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 01 (One) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | सूक्ष्मतरंग सुदर संवेदन में विशेषज्ञता के साथ सुदूर संवेदन और जीआईएस या संबंधित विषयों में पीएच.डी.<br>Ph. D. in Remote Sensing & GIS or related discipline with specialization in microwave remote sensing<br>या OR |

| | |
|---|---|
| | सुदूर संवेदन एवं जीआईएस/ जियो-इनफॉर्मेटिक्स/ जियोमैटिक्स/सिविल अभियांत्रिकी या संबंधित विषयों में एम.ई./एम.टेक.<br>M. E. /M. Tech. in Remote Sensing & GIS/ Geo-informatics/ Geomatics/ Civil Engineering or related discipline. |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | उच्च विभेदन मृदा की नमी के अनुमान के लिए निसार डेटासेट का उपयोग करके कार्यप्रणाली का विकास; निसार डेटा प्रसंस्करण के लिए उपकरण विकास, विश्लेषण और अंशांकन और निसार-अप के अंतर्गत क्षेत्र प्रयोग डेटा के आधार पर निसार मृदा नमी का सत्यापन।<br>Development of methodologies using NISAR datasets for high resolution soil moisture estimation; Tool development for NISAR data processing, analysis and calibration and validation of NISAR soil moisture based on field experiment data under NISAR-UP |

| **पद कोड POST CODE - 14** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना वैज्ञानिक-I Project Scientist-I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 01 (One) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | भूभौतिकी/पृथ्वी विज्ञान या क्रस्टल विरूपण अध्ययन में विशेषज्ञता के साथ संबंधित विषयों में पीएच.डी.<br>Ph. D in Geophysics / Earth Sciences or related disciplines with specialisation in Crustal Deformation Studies |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | निसार से एस और एल बैंड सार डेटा के इंटरफेरोमेट्रिक विश्लेषण का उपयोग करके क्रस्टल विरूपण अध्ययन। जीएनएसएस डेटा का उपयोग करके निसार से इंटरफेरोमेट्रिक उत्पादों का सत्यापन।<br>Crustal deformation studies using interferometric analysis of S and L band SAR data from NISAR. Validation of interferometric products from NISAR using GNSS data. |

| **पद कोड POST CODE - 15** | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना वैज्ञानिक-I Project Scientist-I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 02 (Two) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | जल संसाधन अभियांत्रिकी/जल विज्ञान/मृदा एवं जल अभियांत्रिकी या संबंधित विषयों में एम.ई./एम.टेक.<br>M. E. / M. Tech. in Water Resources Engineering/Hydrology / Soil and Water Engineering or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | इसरो और अंतर्राष्ट्रीय उपग्रह मिशनों से डेटा का उपयोग करते हुए जल विज्ञान में पुनर्प्राप्ति, अंशांकन/सत्यापन और उपग्रह डेटा एसिमिलेशन एल्गोरिदम का डिजाइन, विकास, परीक्षण और कार्यान्वयन। सुदूर संवेदन डेटा विश्लेषण, हाइड्रोलॉजिकल और हाइड्रोडायनामिक मॉडल का कार्यान्वयन और मूल्यांकन, फील्ड प्रयोग, हाइड्रोलॉजिकल पैरामीटर पुनर्प्राप्ति और डाउनस्ट्रीम अनुप्रयोग। जलविज्ञान संबंधी अनुप्रयोगों के लिए भविष्य के संवेदक विकसित करने के लिए संवेदक प्रणाली परिभाषा अध्ययन।<br>Design, development, testing and implementation of retrieval, calibration/validation and satellite data assimilation algorithms in hydrology utilizing data from ISRO and international satellite missions. Remote sensing data analysis, implementation and evaluation of hydrological and hydrodynamic models, field experiments, hydrological parameter retrieval and downstream applications. Sensor system definition studies to develop future sensors for hydrological applications. |

| पद कोड POST CODE - 16 | |
|---|---|
| पद का नाम<br>Name of the Post | **परियोजना वैज्ञानिक-I Project Scientist-I** |
| पद की संख्या<br>No. of Position(s) | 01 (One) |
| अनिवार्य अर्हताएं<br>Essential Qualifications | आरएफ और सूक्ष्मतरंग/अनुप्रयुक्त भौतिकी या संबंधित विषयों में एम.ई./एम.टेक.<br>M. E. / M. Tech. in RF & Microwave/ Applied Physics or related disciplines |
| कार्य का दायरा<br>Scope of Work | सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) मॉडलिंग और व्युत्क्रमः उच्च-विभेदन मिट्टी की नमी के आकलन के लिए बहु-आवृत्ति (पी/एल/एस/सी एवं एक्स-बैंड) और ध्रुवीय सार प्रकीर्णन मॉडल/व्युत्क्रम तकनीक विकसित करना। एसएआर डेटा प्रसंस्करण और विश्लेषण;<br>एम अनुकरण और विश्लेषणः क्षेत्र-मापी गई मृदा और फसल डेटा के समक्ष एसएआर हस्ताक्षर संवेदनशीलता का मूल्यांकन करने के लिए विद्‌युत चुम्बकीय अनुकरण और संख्यात्मक मॉडलिंग करना। मृदा की नमी पुनर्प्राप्ति और विश्लेषण के लिए इष्टतम सार विन्यास निर्धारित करने के लिए मैटलैब/पायथन का उपयोग करके संवेदक परिभाषा अध्ययन।<br>Synthetic Aperture Radar (SAR) Modeling & Inversion: Develop multi-frequency (P/L/S/C & X-band) and polarimetric SAR scattering models/inversion techniques for high-resolution soil moisture estimation. SAR data processing and analysis;<br>EM Simulation & Analysis: Perform electromagnetic simulations and numerical modeling to evaluate SAR signature sensitivity against field-measured soil and crop data. Sensor definition studies using MATLAB/Python to determine optimal SAR configurations for soil moisture retrievals and analysis. |

**नोट: जहां एम.ई./ एम.टेक. डिग्री निर्धारित हो, वहां कुल न्यूनतम 60% अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पाइन्ट स्केल पर 6.5 सीजीपीए /सीपीआई ग्रेडिंग के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए तथा एम.एससी. /बी.ई/बी.टेक. डिग्री में कुल न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पाइन्ट स्केल पर 6.84 सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।**

**Note: M. E. / M. Tech. degree, wherever prescribed should have passed with an aggregate minimum of 60% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 Point scale and M. Sc. /B. E. /B. Tech. degree, wherever prescribed should have passed with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point scale.**

**कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) पद (पद कोड- 01 से 07 तक) के आवेदकों के पास निम्नलिखित में से कोई एक अर्हता भी होनी चाहिए:**

**Applicants for the position of Junior Research Fellows (Post Code 01 to 07) should also have qualified one of the followings:**

1. राष्ट्रीय पात्रता परीक्षण- सीएसआईआर-यूजीसी नेट-लेक्चररशिप सहित (सहायक प्रोफेसरशिप)
National Eligibility Test- CSIR-UGC NET including Lectureship (Assistant Professorship).

2. अभियांत्रिकी में स्नातक योग्यता परीक्षा (गेट)
Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE).

3. केंद्र सरकार के विभागों और उनकी एजेंसियों तथा संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, एमओई, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर, एनआईएसईआर, आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर परीक्षा।
National level examinations conducted by Central Government Departments and their Agencies and institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER etc.

**उपरोक्त अर्हता परीक्षा का परिणाम/ अंकपत्र ऑनलाइन आवेदन की समापन तिथि अर्थात् 30.09.2026 के अनुसार मान्य होना चाहिए। Above qualified examination result/ score card should be valid on the closing date of online application i.e. 30.09.2026.**

| | |
|---|---|
| **उपरोक्त पदों के सामने दिया गया कार्य का दायरा केवल कार्य की एक रूपरेखा है, न कि संपूर्ण विवरण।**<br>**The scope of work provided against the above positions is just an outline of the work and is not exhaustive.** | |
| **आयु सीमा AGE LIMIT** | |
| पद कोड 01 से 07 (क. अ. अ.)<br>For Post Code 01 to 07 (JRFs) | अधिकतम आयु सीमा **30.09.2026 तक 28 वर्ष**/<br>Maximum Age limit is **28 years as on 30.09.2026** |
| पद कोड 08 से 16 के लिए<br>For Post Code 08 to 16 | अधिकतम आयु सीमा **30.09.2026 तक 35 वर्ष**/<br>Maximum Age limit is **35 years as on 30.09.2026** |
| अ.जा/अ.ज.जा के मामले में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट तथा अ.पि.व.-एनसीएल के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। सेवारत केंद्र सरकार के कर्मचारी, बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति, भूतपूर्व सैनिक आदि भारत सरकार के नियमों/ आदेशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के पात्र हैं। Upper age limit is relaxable by 5 years in case of SC/ST and 3 years in case of OBC-NCL candidates. Serving Central Govt. Employees, Persons with Benchmark Disabilities, Ex-servicemen etc. are eligible for upper age relaxation as per Govt. of India rules/orders. | |
| **परिलब्धियाँ और अन्य लाभ Emoluments & other benefits:** | |
| **अध्येतावृत्ति राशि (जेआरएफ)**<br>**Fellowship amount (JRF)** | **प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में ₹ 37000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**For 1st& 2nd year ₹37000/- Per month + HRA**<br>**अनुवर्ती वर्षों में ₹42000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**For the subsequent years ₹42000/- Per month + HRA** |
| ***परियोजना वैज्ञानिक*-I**<br>**Project Scientist-I** | **₹56000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**₹56000/- Per month + HRA** |
| **अनुसंधान एसोशिएटशीप राशि (आरए) ***<br>**Research Associateship amount (RA) *** | **अनुसंधान सहयोगी-1 ₹58000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**Research Associate - 1 ₹58000/- Per month + HRA**<br>**अनुसंधान सहयोगी- 2 ₹61000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**Research Associate – 2 ₹61000/- Per month + HRA**<br>**अनुसंधान सहयोगी- 3 ₹67000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**Research Associate – 3 ₹67000/- Per month + HRA** |
| ***अनुसंधान सहयोगी के लिए एसोसिएटशिप अभ्यर्थी की अर्हता एवं प्राप्त अनुभव के आधार पर उपरोक्त दर्शाए अनुसार तीन वेतन स्तरों में से किसी एक की समेकित वेतन राशि निर्धारित की जाएगी।<br>The Associateship amount for RAs will be fixed as consolidated amount of any pay of three pay levels as mentioned above, depending upon the qualification and experience. | |
| यदि हॉस्टल आवास नहीं दिया जाता है तो तैनाती के स्थान पर निर्धारित दर से लागू एचआरए का भुगतान किया जाएगा और विद्यमान नियमों के अनुसार केवल स्वयं के लिए चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जाएगी। इस सुविधा के लिए फेलोशिप राशि को मूल वेतन माना जाएगा। विद्यमान अं.वि./भारत सरकार के नियमानुसार छुट्टी एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, चयनित अभ्यर्थी नियमित कर्मचारियों को प्राप्त अन्य सुविधाओं या छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।<br>House Rent Allowance (HRA) at the prescribed rates in force at the place of posting will be paid, if not provided with hostel accommodation and Medical benefits for self only will be allowed as per extant rules. The fellowship amount shall be taken as Basic Pay for this purpose. Leave and other benefits will be granted as per extant DOS/GOI rules. Apart from this, the candidates selected will not be entitled to any benefits or concessions admissible to regular employees. | |
| **चयन प्रक्रिया SELECTION PROCESS**: | |
| निर्धारित अर्हता न्यूनतम आवश्यकता है और उक्त का होना अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के लिए स्वतः पात्र नहीं बना देता है । पद(दों) के लिए अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में, साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का लघुसूचीयन (आवश्यकता होने पर) शैक्षणिक रिकॉर्ड तथा विषय विशेषज्ञता के आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में सैक की समिति का निर्णय अंतिम होगा । लघुसूचित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। लघुसूचित अभ्यर्थियों की सूची सैक | |

